वेस्ट बैंक सेटलमेंट्स: इज़रायल

प्रलिम्सि के लयि:

सनिाई प्रायद्वीप, गाज़ा पट्टी, वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम, गोलन हाइट्स

मेन्स के लयि:

अरब-इज़रायल युद्ध (1948), अरब-इज़रायल संघर्ष

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इज़रायल के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक ऐसे क्षेत्र पर कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक के ग्रामीण हिस्से से 1,000 से अधिक फिलिस्तीनी निवासियों को बेदखल करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया है, जिसे इज़रायल ने सैन्य अभ्यास के लिये नामित किया है।

- हाल ही में यरुशलम की [अल-अक्सा मस्जिद](#) में फिलिस्तीनी और इज़रायली पुलिस के बीच फिर से तनाव बढ़ गया है।

//

संबंधित निर्णय:

- इस निर्णय ने हेब्रोन के पास एक शुष्क क्षेत्र में आठ छोटे गाँवों को ध्वस्त करने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिन्हें फिलिस्तीनियों द्वारा **मासाफर यट्टा** और इज़रायलियों द्वारा **दक्षिण हेब्रोन हिल्स** के रूप में जाना जाता है।
- मासाफर यट्टा निवासियों और इज़रायली अधिकार समूहों का कहना है कि वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इज़रायल द्वारा वेस्ट बैंक पर कब्ज़ा करने से पहले से कई फिलिस्तीनी परिवार 3,000 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।

वेस्ट बैंक:

- वेस्ट बैंक पश्चिम एशिया में एक भूमि आबद्ध क्षेत्र है। इसमें पश्चिमी मृत सागर का एक महत्त्वपूर्ण भाग भी शामिल है।
- जॉर्डन द्वारा [अरब-इज़रायल युद्ध (1948)](#) के बाद इस पर कब्ज़ा कर लिया गया था, लेकिन इज़रायल ने वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध के दौरान

इसे वापस छीन लिया और तब से इसका नियंत्रण है।

- वेस्ट बैंक, इज़रायल और जॉर्डन के बीच स्थित है।
    - इसके प्रमुख शहरों में से एक रामल्लाह है जो फिलिस्तीन की वास्तविक प्रशासनिक राजधानी भी है।
- वर्तमान में **वेस्ट बैंक** में 26 लाख फिलिस्तीनियों के साथ लगभग 130 औपचारिक इज़रायली बस्तियाँ हैं।
- मासाफर यट्टा उस क्षेत्र का 60% हिस्सा है जहाँ फिलिस्तीनी प्राधिकरण के संचालन पर प्रतिबंध है।
- फिलिस्तीनी चाहते हैं कि वेस्ट बैंक भविष्य में उनके राज्य का मुख्य हिस्सा बने।

छह दिवसीय युद्ध (1967):

- छह दिवसीय युद्ध जून 1967 में **इज़रायल और अरब राज्यों (मिस्र, सीरिया और जॉर्डन)** के बीच एक संक्षिप्त, परंतु खूनी संघर्ष था।
- इस युद्ध में इज़रायल ने **मिस्र** के सिनाई प्रायद्वीप और गाज़ा पट्टी, **जॉर्डन** के वेस्ट बैंक एवं पूर्वी यरुशलम तथा **सीरिया** के गोलान हाइट्स पर कब्ज़ा कर लिया।
- वर्ष 1967 के बाद से छह दिवसीय युद्ध में इज़रायल द्वारा विजित भूमि **अरब-इज़रायल संघर्ष** को समाप्त करने के प्रयासों के केंद्र में रही है।
- भले ही इज़रायल ने वर्ष 1982 में मिस्र को सिनाई प्रायद्वीप लौटा दिया और 2005 में गाजा से अपना नियंत्रण वापस ले लिया, परंतु **गोलन हाइट्स एवं वेस्ट बैंक की स्थिति अरब-इज़रायल शांति वार्ता में एक बड़ी बाधा** बनी हुई है।

विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. 'गोलन हाइट्स' के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित घटनाओं के संदर्भ में कभी-कभी समाचारों में रहता है?

(a) मध्य एशिया
(b) मध्य पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व एशिया
(d) मध्य अफ्रीका

उत्तर: (B)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/west-bank-settlements-israel